卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 220 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦17 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# जनता से किया गया हर वायदा पूरा होगा: धामी

## मुख्यमंत्री ने शक्तिफार्म को सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित पुल का किया शिलान्यास






शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शक्तिफार्म को सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित पुल का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जोरदार नारेबाजी के बीच स्वागत किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार के संकल्पों को दोहराया और इसे विकास की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शक्तिफार्म को सिडकुल से जोड़ने वाले इस पुल का शिलान्यास होना केवल एक बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की जनभावनाओं और आर्थिक प्रगति का एक मजबूत सेतु है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार शविकल्प रहित संकल्पश के मूल मंत्र पर काम कर रही है। करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल शक्तिफार्म क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों और युवाओं को सीधे सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार की राह भी आसान (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध हालातों में किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

## प्रेम प्रसंग की वजह से रहा करता था परेशान



काशीपुर। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में सुबह किशोर ने बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उसे अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया। घटना को लेकर मोहल्ले में तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह लगभग 7:30 कटोरा ताल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पोस्टमार्टम हाउस के सामने मोहल्ला नई बस्ती निवासी इरफान अली द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई की उसके 17 वर्षीय भतीजे मुरसलीन उर्फ अनस पुत्र इमरान अली ने घर के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को जैसे ही मामले की सूचना मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस की प्रथम दृष्टिया जांच में मृतक के गले पर रस्सी के निशान (लिकेचर मार्क) पाए गए। पुलिस की जांच पड़ताल में (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार की टक्कर से बाईक सवार राजमिस्त्री की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर शनिवार को हुए एक हादसे में कार की टक्कर से बाईक सवार राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरौली वार्ड 18 किच्छा निवासी 45 वर्षीय शाहिद पुत्र अहमद हुसैन राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि शनिवार को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीबी 5833 पर सवार होकर कार्य के सिलसिले में लालपुर से किच्छा की ओर जा रहा था। जब वह टोल बैरियर और मजार के मध्य पहुंचा तो अचानक सामने से तेज गति से आती कार के अज्ञात चालक ने उसकी बाईक को जोर से टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हों गया। जिससे शाहिद लहूलुहान होकर गिर गया। जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गये। गंभीर रूप से घायल शाहिद को उपचार के लिए किच्छा सरकारी चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे पहले जिला चिकित्तसालय और सुशीला तिवारी हॉस्पीटल हल्द्वानी ले जाया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे रात्रि में पुन: जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहिद की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक शाहिद के पत्नी सहित तीन पुत्र व एक विवाहित पुत्री है।

# बढ़ती महंगाई को लेकर केन्द्र के खिलाफ गरजे कांग्रेसी




रूद्रपुर/किच्छा (उद संवाददाता)। पेट्रोल, डीजल और अन्य जरूरी सामानों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। काशीपुर रोड स्थित भगत सिंह चौक पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष ममता रानी के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और जल्द से जल्द महंगाई पर नियंत्रण करने की (शेष पृष्ठ सात पर)

# बढ़ती चोरी के खिलाफ कोतवाल को घेरा



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिनों मुख्य बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर रोषित व्यापारियों ने आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में कोतवाल का घेराव कर अपना रोष प्रकट किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। व्यापारियों ने बताया कि दो दिन पूर्व मटके वाली गली स्थित चार शोरूम में चोरी की बड़ी घटना हुई, जिसमें व्यापारियों का लगभग 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन अब (शेष पृष्ठ सात पर)

# बारह दस्तावेज 'एसआईआर' में लगाएंगे 'नैया पार'

## निर्वाचन आयोग ने तैयार किया एसआईआर का रोड मैप,2003 की मतदाता सूची में नाम न मिलने पर भी वोटर लिस्ट में जुड़वाए जा सकेंगे नाम

-अर्श-

देहरादून। राज्य निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में कराए जाने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के बाद, प्रस्तावित एसआईआर का विस्तृत रोड मैप सार्वजनिक कर दिया है। देश के बाकी राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी एसआईआर के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार माना जाएगा ,लेकिन अगर किसी मतदाता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है ।राज्य निर्वाचन आयोग ने ऐसे 12 दस्तावेजों की सूची भी सार्वजनिक की है, जिनके आधार पर कोई मतदाता वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर सकता है। चालू माह के अंत में आरंभ होने वाली एसआईआर प्रक्रिया के लिए निर्वाचन आयोग ने जिन दस्तावेजों को मान्यता दी है, उनमें केंद्र, राज्य सरकार या पीएसयू के नियमित कर्मचारी या पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश, एक जुलाई 1987 से पहले सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, बैंक, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू की ओर से जारी कोई भी पहचान




पत्र, प्रमाण पत्र या दस्तावेज, आधार कार्ड ,जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड या विवि की ओर से जारी मैट्रिकुलेशन या शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य या स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, सरकार की ओर से जारी कोई भी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र, सम्मिलित है। राज्य निर्वाचन आयोग की योजना के अनुसार एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने के बाद वर्तमान मतदाता सूची के आधार पर संबंधित मतदाताओं के पास बीएलओ गणना प्रपत्र पहुंचाएंगे। इस पर बीएलओ का नाम व मोबाइल नंबर भी होगा। प्रपत्र में मतदाताओं को वर्ष 2003 के अपने वोट की जानकारी देनी होगी। अगर उसे समय मतदाता का मतदाता सूची में नाम नहीं था ,तो माता-पिता के वोट की जानकारी देनी होगी। अगर उनका भी वोट नहीं होगा तो दादा-दादी के वोट की जानकारी देनी होगी। इसके बाद भी अगर कोई रास्ता नजर नहीं आएगा, तो निर्वाचन आयोग द्वारा निधारित किए गए 12 दस्तावेज में कोई भी काम आ सकता है। हासिल जानकारी के मुताबिक मतदाताओं के पास सबसे पहले एसआईआर का गणना प्रपत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम ने किया माँ वाराही धाम के नवनिर्माण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

चंपावत। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जनपद चम्पावत के ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध माँ वाराही शक्तिपीठ धाम, देवीधुरा पहुँचकर मंदिर के नवनिर्माण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि माँ वाराही धाम केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि धाम का विकास इसकी पौराणिक गरिमा एवं मूल स्वरूप को अक्षुण्ण रखते हुए किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ आध्यात्मिक अनुभूति भी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि माँ वाराही धाम आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा



तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने माँ वाराही मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 करोड़ की अनुमानित लागत से माँ वाराही मंदिर के भव्य नवनिर्माण कार्य को चार खाम सात थोक एवं माँ वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट द्वारा आगामी दो से तीन वर्षों में पूर्ण किया जाएगा। मंदिर निर्माण में राजस्थान के विशेष नक्काशीदार पत्थरों का उपयोग किया जाएगा, जबकि मंदिर की स्थापत्य कला एवं शिल्प कार्य गुजरात के विशेषज्ञ कारीगरों की देखरेख में संपन्न होंगे। निरीक्षण के दौरान जगदीश चंद्र गहतोड़ी 'नवनीत' ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित निपुण भारत अभियान से संबंधित अपनी पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, माँ वाराही मंदिर समिति के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, समिति अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# खटीमा में सीएम धामी ने सुनीं जनसमस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को खटीमा पहुंचे। खटीमा पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने हेलीपैड एवं कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनता एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति



की जानकारी भी ली और विकास योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उपजिलाधिकारी तुषार सैनी सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने देवीधुरा में छात्र-छात्राओं से किया संवाद

चंपावत। अपने एक दिवसीय चम्पावत जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी देवीधुरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुँचे, जहाँ उन्होंने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने बच्चों से शिक्षा, अनुशासन और जीवन के लक्ष्यों को लेकर संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री धामी ने देवीधुरा में आयोजित 'पंडित दीनदयाल



उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत आयोजित जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने बोहरा परिवार को सौंपी सहायता राशि

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत निवासी दिवंगत सोमेंद्र सिंह बोहरा के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की राशि का चेक दिवंगत सोमेंद्र सिंह बोहरा के पिता गोपाल सिंह बोहरा को सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।उल्लेखनीय है कि



18 अप्रैल 2026 को हुए एक दुखद हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सोमेंद्र सिंह बोहरा का असामयिक निधन हो गया था। सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

# सीएम से मिली ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी संसदीय समिति सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वेलफेयर के लिए राज्य में विधिक और संस्थागत व्यवस्था है। विभिन्न योजनाओं के पॉलिसी रिव्यू, फीडबैक और फॉलोअप के माध्यम से योजनाओं का लाभ प्रत्येक ओबीसी परिवार को पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 90 जाति व उपजाति



समुदाय ओबीसी की सूची में हैं, जिनके विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य की नीति और बजट को गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन जैसी योजनाओं को जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान ओबीसी वेलफेयर पार्लियामेंट्री कमेटी की ओर से अध्यक्ष सांसद गणेश सिंह एवं अन्य सांसद विजय बघेल, डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी (साक्षी महाराज), विद्युत बरन महतो, रोडमल नागर, रमाशंकर विद्यार्थी राजभर, डॉ. अशोक कुमार यादव, गिरधारी यादव, मस्तान राव यादव बीड़ा, राजेंद्र गहलोत, शुभाशीष खूंटिया, मयंककुमार नायक एवं डॉ. भीम सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही संयुक्त सचिव लोकसभा अतुल आनंद, उप सचिव लोकसभा पुनीत भाटिया, मुख्यमंत्री के अपर सचिव मनमोहन मैनाली, जोनल मैनेजर पी.एन.बी अनुपम एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# हैलीपैड पर सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा।सूबे के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य,



प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट,भवानी भंडारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी में सुनीं जनसमस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जनता की समस्याओं को सुना और अधिकांश जन समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित किया। इन समस्याओं में भूमि विवाद, भरण पोषण, जाति स्थाई एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, सड़क निर्माण और धोखाधड़ी जैसे गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई की और संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। जनसुनवाई में गढ़खेत, विकास खंड गरुड़ जिला बागेश्वर के क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण कुमार उर्फ लच्छू पहाड़ी ने अवगत कराया कि डोकरा से सेल कोन तक कुल 5 किलोमीटर सड़क पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जानी है, जिसके बनने से करीब 300 परिवारों को लाभ होगा, लेकिन अभी तक वह सड़क एक साल से गतिमान है। इसी प्रकार थोलिया बजानी से मिजुलिया



तक पीएमजीएसवाई द्वारा 10 किलोमीटर की सड़क बनाई जानी है, जिसका लाभ क्षेत्र के 200 परिवारों को मिलेगा, जिसकी प्रक्रिया विगत 1 साल से गतिमान है। इसके शीघ्र निर्माण हेतु लच्छू पहाड़ी ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से अनुरोध किया। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निर्माण कार्य की कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में गोलापार से आए एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके घर से 50 मीटर दूरी पर मुर्गी फार्म है जिसमें 2000 मुर्गियां वर्तमान में मौजूद हैं, जहां से अत्यधिक दुर्गंध आती है जिस कारण वहां रहना मुश्किल होता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने उसे वहां से हटाने के लिए अनुरोध किया। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित मुर्गी फार्म स्वामी को निर्देशित किया कि मुर्गी फॉर्म की निष्प्रयोजित सामग्री के निस्तारण की उचित व्यवस्था की जाए और साफ सफाई, ट्रीटमेंट प्लांट व मैनेजमेंट की व्यवस्था कर लें। कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित आरओ प्रदूषण को जांच कर मुर्गी फार्म को नियम विरुद्ध होने पर उचित कार्रवाई करने के लिए कहा। साथ ही संबंधित फार्म स्वामी को प्रदूषण मानकों का अनुपालन करने के भी निर्देश दिए। जू रोड तल्लीताल नैनीताल निवासी मनोहर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सभा भांगादेवली, पट्टी मोतियापाथर तहसील लमगड़ा में बाहरी व्यक्ति आदिल नार्गोलवाला द्वारा अपने 6 परिजनों के नाम से प्रत्येक नाम पर ढाई सौ वर्ग मीटर भूमि क्रय की है, जिनके द्वारा वन पंचायत की भूमि पर मोटर मार्ग बनाया गया। इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने संबंधित उप जिला अधिकारी और तहसीलदार को निर्देशित किया कि इस प्रकरण की उचित ढंग से जांच की जाए और अनुचित पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। रामनगर के सावल्दे पश्चिम सेमलखलिया निवासी शिकायतकर्ता गोविंद सिंह ने अवगत कराया कि लल्लू पुत्र झब्बू जो उत्तराखंड निवासी थे और अविवाहित थे, उनके नाम रामनगर उत्तराखंड में भूमि थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी यासीन, यामीन, सलीम और इदरीश के द्वारा लल्लू पुत्र झब्बू के गलत प्रमाण पत्र बनाकर उनकी भूमि पर वारिसान नाम दर्ज किया गया है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने इस प्रकरण की जांच हेतु तहसीलदार रामनगर को शीघ्र उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त कुमाऊं आयुक्त द्वारा अन्य कई शिकायतों का भी निस्तारण किया गया।

# श्रम विभाग की पहल पर श्रमिक व सेवायोजक प्रतिनिधियों की वार्ता संपन्न

सितारगंज (उद संवाददाता)। सिडकुल सितारगंज में श्रमिक यूनियन प्रतिनिधियों एवं सेवायोजक के प्रतिनिधियों के मध्य श्रम विभाग की पहल पर श्रम कानूनों और वेतन में की गई बढ़ोतरी के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं से अवगत कराए जाने हेतु दोनों पक्षों के मध्य वार्ता आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी, ओवर टाइम और बोनस की समस्याओं को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। उक्त के संबंध में सेवायोजक के प्रतिनिधियों से वार्ता हुई, जिन्हें श्रमिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल सरकार द्वारा की गई वेतन बढ़ोतरी को लागू करने और महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। उक्त के संबंध में उपस्थित श्रम विभाग के प्रतिनिधि उप श्रम आयुक्त उधमसिंह नगर के. के. गुप्ता द्वारा सेवायोजक के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने सभी श्रमिकों को सरकार द्वारा निर्धारित इंजीनियरिंग और नॉन इंजीनियरिंग श्रेणी के लिए न्यूनतम वेतन



और महंगाई भत्ता जो सरकार द्वारा निधरित किया गया है, उसके संबंध में अवगत कराते हुए उसके एरियर का भुगतान तत्काल करें। साथ ही सेवायोजक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि इंजीनियरिंग और नॉन इंजीनियरिंग उद्योग के लिए सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं से अपने सभी श्रमिकों को अवगत कराएं। इसके साथ ही सभी श्रमिक यूनियन से यह आह्वान किया गया कि सोशल मीडिया से केंद्र सरकार द्वारा वेतन बढ़ोतरी की गलत सूचना से किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति पैदा न करें क्योंकि अभी राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर विश्वास करने से पहले और किसी भी श्रमिक की समस्याओं के संबंध में सबसे पहले अपने क्षेत्र के श्रम प्रवर्तन अधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं, जिसका तत्काल निराकरण किया जाएगा। साथ ही दोनों पक्षों से यह भी आह्वान किया गया कि आपसी समन्वय बनाते हुए उद्योग हित में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करें। बैठक में एसडीएम सितारगंज ऋचा सिंह, उप श्रम आयुक्त के. के. गुप्ता, सहायक श्रम आयुक्त अरविंद सैनी, पुलिस निरीक्षक सुंदरम शर्मा के साथ श्रमिक यूनियन प्रतिनिधि गोविंद सिंह, हरीश कुमार, सुनील कुमार एवं सेवायोजक प्रतिनिधियों में किशन सत्यावली, दुर्गेश मोहन और के. के. राय उपस्थित रहे।

# झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करते तीन गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानो पर लड़ाई झगड़ा कर शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर 03 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नरेश रस्तोगी पुत्र मनोहर लाल रस्तोगी निवासी वनखण्डी फेस -1, ट्रांजिट कैंप को उसके घर से शान्ति व्यवस्था भंग करने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया वहीं लक्ष्मण सिंह खडायत पुत्र बहादुर सिंह खडायत निवासी हल्दूचौड, धनपुर, लालकुआँ, जिला-नैनीताल तथा युवराज



सिंह तोमर पुत्र दिनेश सिंह तोमर निवासी ग्राम शाहपुर, भगोली, तहसील फतेहपुर, थाना बड्डूपुर, जिला- बाराबंकी, उप्र हाल निवासी अटरिया मोड रोड, आवास विकास, ट्रांजिट कैम्प को भी झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसके अतिरिक्त कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से आबकारी मामले में वारंटी अभियुक्त सुरेश यादव पुत्र स्व. रामप्रकाश निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैंप को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# धूमधाम से निकाली श्री श्याम निशान यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी घास मंडी वार्ड नंबर 36 में श्री खाटू श्याम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से भव्य श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर बाबा खाटू श्याम के जयकारों से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। निशान यात्रा का शुभारंभ आदर्श कॉलोनी घास मंडी वार्ड नंबर 36 से हुआ। यात्रा रामलीला ग्राउंड इंद्रा कॉलोनी, शिव मंदिर, सुविधा होटल, सागर होटल, गल्ला मंडी रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माथा टेककर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद यात्रा भगत सिंह चौक, अग्रवाल सभा गली, काशीपुर बायपास एवं बालाजी द्वार होते हुए



पुनः आदर्श कॉलोनी घास मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए बाबा के जयकारे लगाते नजर आये। महिलाओं एवं युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी कर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। निशान यात्रा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, अनिल चौहान, सुशील गाबा, राजीव चावला, संजय ठुकराल, सुशील चौहान, विजय फुटेला, सचिन आनंद, मनोज आर्या, आनंद श्रीवास्तव, प्रकाश शर्मा, अमित कक्कड़, ज्योति टम्टा, शशि बाला, राजकुमारी, कंचन सागर, अमरावती, प्रवीण गोयल, संदीप सलूजा, सुमित आनंद, दीपक गंगवार, राजेश गर्ग, राजू गुप्ता, करण सिंह, रोहित सागर, विनोद कुमार, अनिल गुड़िया, प्रताप बिष्ट, सावित्री गुप्ता, सोनू गुप्ता, नरेश गंगवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नामांकन निरस्त होने के विरोध में सीएम को भेजा ज्ञापन

नानकमत्ता। नानकमत्ता उप तहसील परिसर में ग्राम प्रधान चुनाव के दौरान अवैध अतिक्रमण का आरोप लगाकर नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में ग्रामीणों का धरना लगातार दूसरे सप्ताह भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशियों का नामांकन गलत तरीके से निरस्त किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा बिना उचित जांच के कार्रवाई की गई, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई है। धरनारत ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती और उन्हें



न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि न्याय की मांग को लेकर वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इस दौरान सुखविंदर सिंह मोमी, बजिंदर सिंह मोमी, अशोक राणा, हरिओम राणा, विशाल राणा, सतपाल सिंह, बलजीत सिंह, करण सिंह मौजूद रहे।

# गुलवेश सहकारी क्रय विक्रय समिति के संचालक पद पर निर्विरोध निर्वाचित

बाजपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड के संचालक पद पर निर्वाचन क्षेत्र 08 ग्राम पंचायत रम्पुरा शाकर से संचालक पद के लिए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार हाजी कदीर अहमद के पुत्र गुलवेश आलम को निर्विरोध चुन लिया गया, जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बाजपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड के नवनिर्वाचित संचालक गुलवेश आलम ने सभी सहयोगियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह समिति के सदस्य रहते हुए जनहित के



कार्यों को पूरी शिद्दत के साथ करेंगे। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार हाजी कदीर अहमद ने कहा कि गुलवेश आलम के समिति संचालक चुने जाने से ग्राम पंचायत रम्पुरा शाकर में समिति के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य होंगे। उन्होंने सभी का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए गुलवेश आलम के सदस्य चुने जाने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गुलवेश आलम को मुबारकबाद देने वालों में शमशीर अहमद प्रधान, शकील अहमद प्रधान, सादिक हुसैन पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बाजपुर वार्ड नंबर 02 ईदगाह, हाजी कय्यूम अली, इमरान शेख और जावेद आलम आदि मौजूद थे।

# भाजपा नेता मित्तल ने जनपद टॉपर प्राची मटेला को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान एवं जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा प्राची मटेला आज प्रातः अपनी माता श्रीमती दीपा मटेला एवं पिता वीर विक्रम सिंह के साथ भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के अग्रसेन चौक में जनसेवा कार्यक्रम में पहुंचीं, जहां उनका भव्य




स्वागत एवं जोरदार अभिनंदन किया गया। जनसेवा कार्यक्रम का शुभारंभ प्राची मटेला एवं उनके माता-पिता के कर कमलों द्वारा कराया गया। एडवोकेट प्रमोद मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा प्राची मटेला को सम्मानित करते हुए उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उनके माता-पिता को भी सम्मानित कर बेटी की सफलता में उनके योगदान, संस्कार, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा की सराहना की गई।प्राची मटेला ने कहा कि उन्होंने यह सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और व्यक्ति पूरी ईमानदारी एवं लगन से प्रयास करे तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। प्रमोद मित्तल ने कहा कि प्राची मटेला की उपलब्धि पूरे उत्तराखंड एवं जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं। ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है ताकि अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिल सके।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है तथा युवा पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्राची मटेला का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत करने वालों में सुनील पचौरी, प्रमोद यादव, मनीष मित्तल एडवोकेट, दीपिका मित्तल एडवोकेट, अनुज गर्ग, ज्योति गर्ग, दिव्यांशी पचौरी, प्रवीण जैन, अनुराग शर्मा, निखिल चंडोक, अजय शर्मा, गीतिका शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी अक्षरों में JASHOT RAM दर्ज है जबकि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम अंग्रेजी अक्षरों में JASOD RAM दर्ज हुआ है जो कि पिता का पूर्व में दर्ज किया गया नाम था। लेकिन उनका वास्तविक और सही नाम JASHOT RAM है। मेरे पिता का सही नाम JASHOT RAM ही माना जाये।
JC NO. 3400058N,
रैंक- सुबेदार, जोगा राम पुत्र जसौत राम निवासी ग्राम नौगांव (रीठागाड़) पोस्ट ऑफिस जमराड़ी बैण्ड, तहसील व जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड 263624

# पटाखा युक्त बुलेट व स्टंटबाजी करने वालों पर पुलिस सख्त

काशीपुर। नगर क्षेत्र में पटाखे फोड़ने वाली बुलेट बाइक व बाजारों में स्टंटबाजी और तेज रफ्तार से अराजकता फैलाने वाले दोपहिया चालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाते हुए एक बुलेट बाइक को सीज कर दिया। बीती रात्रि कोतवाली पुलिस ने एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में मुख्य बाजार में स्टंटबाज बाइक चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने पैदल गश्त के दौरान रैश ड्राइविंग करने वाले और रेट्रो साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। वहीं पुलिस ने सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन चालकों व दुकानदारों को भी सड़क अवरूद्ध करने पर चेतावनी दी। वहीं पुलिस की इस कार्यवाही से स्टंटबाज बाइक चालकों में हड़कंप मच गया।



# नशीली दवाओं के साथ महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली किच्छा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 594 प्रतिबंधित बुप्रेनॉर्फिन एंड नालॉक्सोन टैबलेट तथा 35 हजार 300 रुपये की नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर जनपद में अवैध नशा कारोबार एवं अंतरराज्यीय तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रूद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी



सितारगंज के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा रवि सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बंदिया क्षेत्र स्थित सरदारों वाली गली में कार्रवाई करते हुए विरेंद्र पुत्र स्वर्गीय कुलवंत सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 बंदिया उम्र 32 वर्ष तथा जसवीर कौर पत्नी स्वर्गीय सतीश कुमार निवासी वार्ड नंबर 5 बंदिया उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 594 प्रतिबंधित नशीली टैबलेट एवं 35 हजार 300 रुपये नकद बरामद किये गये। पुलिस के अनुसार बरामद दवाइयों का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली किच्छा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दीपक जोशी, कांस्टेबल देवराज, कांस्टेबल हरेंद्र धामी तथा महिला कांस्टेबल रेखा आर्या शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने नशे के खिलाफ पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे समाज हित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# लोक संस्कृति, आस्था और विकास का संगम बना गोल्ज्यू महोत्सव

## चम्पावत को देश का सर्वश्रेष्ठ और आदर्श जिला बनाना सरकार का विकल्प रहित संकल्पः धामी

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत में आयोजित ऐतिहासिक गोल्ज्यू महोत्सव 2026 के समापन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि चम्पावत को देश का सर्वश्रेष्ठ और आदर्श जिला बनाना राज्य सरकार का विकल्प रहित संकल्प है। 04 मई से प्रारंभ हुए 13 दिवसीय इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक महोत्सव का हर्षोल्लास और जनउत्साह के साथ विधिवत समापन हो गया। मुख्यमंत्री धामी ने नगरपालिका परिषद चम्पावत, जिला प्रशासन एवं समस्त क्षेत्रवासियों को इस भव्य, गरिमामयी और सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक लोक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। न्याय के देवता के रूप में पूजनीय श्री गोल्ज्यू महाराज की पावन भूमि को नमन करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित करते हैं। उन्होंने कहा कि गोल्ज्यू महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि चम्पावत की सांस्कृतिक पहचान, ऐतिहासिक विरासत और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवधन का सशक्त मंच है। मुख्यमंत्री धामी ने महिला सशक्तिकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को महोत्सव की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की मातृशक्ति द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान मिली है। पहाड़ी दालों, हस्तशिल्प, ऑर्गेनिक उत्पादों एवं पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री से स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली



है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनजागरूकता एवं स्वरोजगार आधारित स्टॉलों के माध्यम से आम जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जो अत्यंत सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सीमांत जनपद चम्पावत के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थलों को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में मां वाराही धाम देवीधुरा, बालेश्वर मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर सहित जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों का सुनियोजित विकास किया जा रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चम्पावत में गोल्ज्यू कॉरिडोर तथा टनकपुर में शारदा कॉरिडोर का निर्माण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। साथ ही जनपद के आंतरिक मोटर मार्गों का चौड़ीकरण, आधुनिक पार्किंग सुविधाओं का विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। चम्पावत में प्रस्तावित आधुनिक ड्राई पोर्ट, अंतरराष्ट्रीय स्तर का साइंस सेंटर, महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, आईएसबीटी टनकपुर, आंतरिक पेयजल योजनाएं तथा मीडिया सेंटर गेस्ट हाउस जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं जिले में विकास की नई इबारत लिख रही हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से विकास के इस महायज्ञ में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास की गति निरंतर दोगुनी होती रहेगी। गौरतलब है कि महोत्सव के अंतिम तीन दिनों में आयोजित स्टार नाइट कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। समापन अवसर पर उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक इंदर आर्या, प्रख्यात गायिका माया उपाध्याय तथा युवा गायक नीरज चुफाल ने कुमाऊंनी और गढ़वाली गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से समूचे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक महाकुंभ में दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए और इसी के साथ गोल्ज्यू महोत्सव 2026 का भव्य समापन संपन्न हुआ। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, दर्जा राज्य मंत्री मुकेश महराणा, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, चवसपबम अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी एस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में जनपदवासी उपस्थित रहे।






# वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से फायर सीजन के दौरान जंगलों में लगने वाली आग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि हर वर्ष गर्मियों के दौरान जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे वन संपदा, पर्यावरण, वन्यजीवों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि और जनजीवन को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार वनाग्नि रोकने के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। कांग्रेस ने मांग की कि वनाग्नि से निपटने के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, वन क्षेत्रों को सेक्टरों में विभाजित कर जिम्मेदारी तय की जाए तथा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीण जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने, जंगलों के भीतर मौजूद तालाबों और वाटर स्रोतों को भरवाने तथा वन्यजीवों और पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की भी मांग की गई। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा सरकार वनाग्नि जैसी गंभीर समस्या को लेकर संवेदनशील नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि जंगलों में लगने वाली आग केवल पेड़ों को नहीं जलाती, बल्कि इससे पर्यावरण, जैव विविधता और ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित होती है। सरकार को केवल घोषणाओं तक सीमित रहने के बजाय प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई करनी चाहिए।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में वनाग्नि की घटनाएं और गंभीर रूप ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान हेमन्त बगड़वाल, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, ललित जोशी, नरेश अग्रवाल, राजेन्द्र खनवाल, सुहैल सिद्दीकी, इंदर पाल आर्य, प्रदीप बथयाल, गिरीश पांडे, गोविंद बगड़वाल, जीवन कार्की, जगमोहन चिलवाल, संजय किरौला, नंदन दुर्गापाल, दीप पाठक, संदीप भैसोड़ा सहित दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# सहकारी समिति के चुनाव में रजनी बजाज निर्विरोध डायरेक्टर निर्वाचित

गदरपुर। बड़ाखेड़ा क्षेत्र से सहकारी क्रय-विक्रय समिति गदरपुर के चुनाव में रजनी बजाज पत्नी धर्मपाल बजाज निर्विरोध डायरेक्टर निर्वाचित हुई हैं। उनके निर्विरोध चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों, व्यापारियों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया तथा मिष्ठान वितरित कर खुशी जताई। रजनी बजाज की जीत को क्षेत्र में एकता, सहयोग एवं आपसी विश्वास का प्रतीक



बताया जा रहा है। समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में समिति को नई मजबूती मिलेगी तथा किसानों, व्यापारियों और आम लोगों के हितों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। निर्विरोध निर्वाचन के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं व्यापार मंडल से जुड़े लोगों ने रजनी बजाज को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सहकारी समिति के माध्यम से क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों को गति मिलेगी।

# सीतावनी में गूंजी श्रीजानकी कथा, 12 वर्षीय बाल व्यास ने बांधा श्रद्धा का समां

## पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के सीतावनी क्षेत्र में रविवार को आध्यात्मिक आस्था और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के नेतृत्व में पहली भव्य श्रीजानकी कथा का आयोजन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संतों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मात्र 12 वर्षीय बाल व्यास वैदेहीनंदन वेदांत ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण वाचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता सीता के त्याग, तपस्या, मर्यादा और समर्पण से जुड़े प्रसंगों का उन्होंने अत्यंत सरल, मधुर और प्रभावशाली शैली में वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम का आयोजन रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में किया गया। आयोजकों ने बताया कि कथा का उद्देश्य माता जानकी के आदर्श जीवन को जन-जन तक पहुंचाना, सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना और नई पीढ़ी को नैतिक संस्कारों से जोड़ना है। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट सुबह अपने परिवार सहित कथा स्थल पहुंचे और पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि माता सीता भारतीय संस्कृति में त्याग, धैर्य और शक्ति की प्रतीक हैं तथा उनके जीवन से समाज को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। सीतावनी की पावन वादियों में आयोजित यह भव्य श्रीजानकी कथा श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का अनुपम उत्सव बन गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राकेश नैनवाल सुशांत, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, विधायक सरिता आर्या, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री मनजीत राजू, सुरेंद्र नामधारी, दीपक मेहरा, पुष्पा भट्ट, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र खाती, दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान, शांति मेहरा और जिला अध्यक्ष मनोज पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।







# ग्रामीण क्षेत्रों में इम्बो दवा पर शोध सराहनीय : मित्तल

## एलर्जिक राइनाइटिस के इलाज में दवा साबित हुई प्रभावकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पद्मश्री से सम्मानित आयुर्वेदिक चिकित्सक वैद्य बालेंदु प्रकाश द्वारा एलर्जिक राइनाइटिस के इलाज में कारगर दवा इम्बो का ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा शोध निश्चित रूप से सराहनीय है। वह अपने स्तर से भी इस कार्य में सहयोग करेंगे। यह बात बिलासपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने गदरपुर के तहसील रतनपुरा स्थित पड़ाव स्पेशिलिटी आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट सेन्टर में शनिवार को आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि क्लीनिकल ट्रायल और जानवरों के एक्स ऊपर हुए परीक्षणों से पता चला कि यह दवा एलोपैथी के मुकाबला चार गुना ज्यादा फायदा करती है, चार गुना कम दुष्प्रभाव पाए गए। उन्होंने कहा इम्बो नाम की इस दवा को विकसित करने वाले पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सक वैद्य बालेंदु प्रकाश का शोध सराहनीय है।एलर्जिक राइनाइटिस (सर्दी-जुकाम) जैसी तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या के उपचार में आयुर्वेदिक औषधि "इम्बो" को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी में आए चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने इसे एक प्रभावकारी एवं शोध-आधारित औषधि बताया।चार प्रमुख जड़ी- बूटियों एवं मंडूर भस्म सहित अठारह औषधीय घटकों से निर्मित "इम्बो" पर हुए क्लिनिकल ट्रायल एवं प्रायोगिक अध्ययनों में यह सामने आया कि यह औषधि एलोपैथिक उपचार की तुलना में अधिक प्रभावकारी सिद्ध हुई है। परीक्षणों में यह भी पाया गया कि इसके दुष्प्रभाव अत्यंत कम हैं तथा रोगियों को इसका लाभ पहले पाँच मिनट के भीतर अनुभव होना प्रारंभ हो जाता है। अब तक किसी प्रकार के गंभीर दुष्प्रभाव की जानकारी सामने नहीं आई है। इस औषधि को उत्तराखण्ड राज्य से निर्माण लाइसेंस प्राप्त हो चुका है तथा वर्तमान में देशभर के लगभग 1500 आयुर्वेदिक चिकित्सक इसका उपयोग अपने रोगियों के उपचार में कर रहे हैं।संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के 18 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को "इम्बो ब्रांड एम्बेसडर" के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप फुटेला ने की। कार्यक्रम में प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. सुनील गौतम, वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रक बंसल, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राजीव कुरेले सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।ब्रांड एम्बेसडर प्रतिनिधि के रूप में डॉ. एसके राय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले एक वर्ष में लगभग 80 किलोग्राम "इम्बो" अपनी चिकित्सा पद्धति में उपयोग कर चुके हैं तथा इससे रोगियों को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह औषधि केवल एलर्जिक राइनाइटिस ही नहीं बल्कि अनेक रोगों में लाभकारी सिद्ध हो रही है।विशेषज्ञों ने बताया कि "इम्बो" मूलत: आयुर्वेदिक ग्रंथ चरक संहिता में वर्णित "पुनर्नवा मंडूर" योग पर आधारित है किंतु वैद्य बालेंदु प्रकाश द्वारा इसमें विशेष संशोधन, मानकी करण एवं निर्माण प्रक्रिया विकसित की गई, जिससे यह औषधि अधिक प्रभावकारी सिद्ध हुई। इसी संशोधित स्वरूप को "इम्बो" नाम दिया गया, जिसका अर्थ है इम्यूनिटी बूस्टर।डॉ. सुनील गौतम ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सकों को अपने अनुभवों एवं शोध को समाज के सामने लाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। डॉ. चंद्रक बंसल ने भी अपने चिकित्सकीय अनुभव साझा करते हुए "इम्बो" को एक प्रभावकारी औषधि बताया तथा कहा कि ऐसे संगोष्ठी कार्यक्रम आयुर्वेदिक शोध को नई दिशा देते हैं।कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए पैंक्रियाटाइटिस रोगी एवं उनके परिजन, फार्मेसी छात्रों तथा शोधार्थियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर "इम्बो" पर हुए विभिन्न चिकित्सकीय एवं प्रायोगिक अध्ययनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इससे पूर्व आगंतुक चिकित्सकों ने औषधि निर्माण इकाई का भ्रमण कर निर्माण प्रक्रिया एवं अनुसंधान कार्यों का अवलोकन किया।







# गदरपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

गदरपुर। श्री बालाजी मंडल दिनेश पुर के महंत गौरव अग्रवाल के सानिध्य में श्री सनातन धर्म मंदिर बुद्ध बाजार गदरपुर में दर्शन भुसरी के सौजन्य से श्री बालाजी दरबार एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धाभाव एवं भक्ति भावना के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं बाबा भक्त पहुंचे और श्री बालाजी महाराज के दिव्य दर्शनों का लाभ प्राप्त किया। दरबार का शुभारंभ हनुमान चालीसा, भजन कीर्तन एवं श्री प्रेतराज सरकार की आरती के साथ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान जय श्री राम एवं जय श्री बालाजी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर बाबा का गुणगान करते नजर आये। इस अवसर पर महंत गौरव अग्रवाल के दरबार में पहुंचने पर बाबा भक्तों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। महंत गौरव अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री बालाजी महाराज अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा एवं विश्वास से प्रसन्न होकर उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने धर्म एवं सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया। महंत गौरव अग्रवाल के संबोधन के पश्चात बाबा भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत श्री बालाजी महाराज एवं भैरव बाबा की विधिवत आरती सम्पन्न की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को पवित्र छींटे दिये गये तथा बाबा को विधि विधान के साथ भोग अर्पित किया गया। दरबार में धूपड़े की सेवा सरदार मनजीत सलूजा द्वारा दी गई। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में श्री बालाजी मंडल रजिस्टर्ड दिनेशपुर के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ बाबा भक्त खैरात कुमार, बिट्टू ग्रोवर, विजय चलाना, आयुष अरोड़ा, हरिचरण सिंह, शिवकुमार, सतीश सागर, राम अवतार गुप्ता, अंटू रस्तोगी, राजकुमार भुड्डी, रिंकू पांडेय, राकेश चावला, सुधीर गगनेजा, अंकित गगनेजा, सौरभ अग्रवाल, मनीष गोयल, एडवोकेट सौरभ अग्रवाल, राधेश्याम, लवी अरोड़ा, बिट्टू अरोड़ा, विशाल मदान, सुनील कुमार, वैभव गंगनेजा, सौरभ गुप्ता, महेन्द्र बंसल, दीपक कालरा, विनोद गर्ग, मनोज कुमार, हुकुम भंडारी, शंकर विश्वास, सोनू कोली समेत हजारों बाबा भक्त मौजूद रहे।



# ओबीसी मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी का स्वागत

गदरपुर। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेशपुर राजू सैनी के नेतृत्व में ग्राम सैदली गंज में ओबीसी समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ समाजहित में कार्य करेगी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने संगठन की मजबूती एवं समाज के विकास को लेकर विचार साझा किए। इस मौके पर विक्रम सैनी, बलजीत सिंह, दीपक कश्यप, मुकेश कश्यप, दीपचंद कश्यप, राकेश सैनी, अमरीक सिंह, दिनेश सैनी, प्रीतम, छोटेलाल सैनी, रमेश सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# जनगणना के लिए सीएम ने कराया मकान का सूचीकरण

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनगणना 2027 के अंतर्गत निर्धारित पोर्टल पर अपने निजी आवास नगला तराई का मकान सूचीकरण कराया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने भवन की मैपिंग एवं सूचीकरण अवश्य कराएं ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से हम सभी राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से जनगणना 2027 का भागीदार बनने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, वीसी जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में सास बहू गिरफ्तार

जसपुर (उद संवाददाता)। न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर द्वारा एफआईआर संख्या 508/2023 केस क्राइम नंबर 494/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम के संबंध में अभियुक्त सुखविंदर सिंह पुत्र बिशन सिंह निवासी भोगपुर डाम नंबर 2 जसपुर के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसमें 16 मई 2026 की तिथि नियत थी। मुखबिर खास से वारंटी सुखविंदर के अपने घर पर होने की सूचना पर उपनिरीक्षक गोविंद सिंह मेहता व कांस्टेबल 874 सुभाष डुंगरियाल द्वारा वारंट की तामील हेतु वारंटी सुखविंदर के घर पर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। सुखविंदर सिंह अपने घर के आंगन में खड़ा था। पुलिस ने सुखविंदर सिंह को उसके विरुद्ध जारी वारंट के सार से अवगत कराते हुए उसके घर के आंगन में ही रात करीब नौ बजे पकड़ लिया। इतने में सुखविंदर सिंह ने जोर जोर से चिल्लाकर अपनी मां शीलो कौर, भाई मंगत सिंह, चचेरे भाई संदीप सिंह तथा राजू सिंह पुत्र स्वर्गीय बंता सिंह, जगपाल सिंह उर्फ जस्सा पुत्र जीत सिंह आदि को बुला लिया। इन सभी के द्वारा गिरफ्तारशुदा वारंटी सुखविंदर सिंह को गिरफ्त से छुड़ाने हेतु पुलिस टीम को एक राय होकर घेर लिया गया। उनमें से किसी के हाथ में डंडे व किसी के हाथ में पाठल थी और वे पुलिस टीम को गाली गलौज कर चीखते हुए सुखविंदर सिंह को छोड़ने के लिए कहने लगे। शीलो कौर ने अचानक से उपनिरीक्षक गोविंद मेहता के हाथ से वारंट छीनने की कोशिश की, जिससे वारंट का कुछ हिस्सा फट गया। ये सभी लोग सुखविंदर को छुड़ाने के लिए पुलिस टीम पर हमलावर हो गए। पुलिस टीम गिरफ्तारशुदा वारंटी सुखविंदर सिंह को किसी तरह लाने लगी तो उपरोक्त सभी के द्वारा एक राय होकर पुलिस टीम पर लाठी डंडों से हमला कर पुलिस टीम के साथ मारपीट की गई। संदीप सिंह के द्वारा पाठल से पुलिस टीम के ऊपर जानलेवा वार कर दिया गया, जिससे उपनिरीक्षक गोविंद मेहता और सुभाष डुंगरियाल ने किसी तरह खुद को बचाया। यदि पुलिस टीम पाठल के जानलेवा हमले से खुद को नहीं बचाती तो उपरोक्त लोग पुलिस टीम को जान से मार देते। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिंह नगर के द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए प्रकरण में अभियोग दर्ज करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक जसपुर को पुलिस टीम गठित कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए। मामले में उपनिरीक्षक गोविंद सिंह मेहता चौकी प्रभारी पतरामपुर कोतवाली जसपुर द्वारा कोतवाली जसपुर में मुकदमा एफआईआर नंबर 186/2026 अंतर्गत धारा 109, 121, 127(2), 132, 190, 191(2), 191(3), 221, 324, 351(2), 352, 3(5) बीएनएस बनाम सुखविंदर सिंह व अन्य छह नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर के निर्देश पर गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्ताओं को विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया, जिनमें शीलो कौर पत्नी स्वर्गीय बिशन सिंह निवासी भोगपुर डाम नंबर 02 जसपुर (अभियुक्त सुखविंदर की मां) और मंजीत कौर पत्नी सुखविंदर सिंह निवासी उपरोक्त (अभियुक्त सुखविंदर की पत्नी) शामिल हैं। फरार अभियुक्तों में सुखविंदर सिंह, मंगत सिंह, संदीप सिंह, राजू सिंह, जगपाल सिंह उर्फ जस्सा शामिल हैं जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है और प्रयास जारी हैं। पुलिस की सही कार्रवाई में भी कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक तथ्यों के आधार पर पुलिस की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से तथ्यहीन कमेंट किए जा रहे हैं, जिस पर पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक व बिना जानकारी के पोस्ट करने वालों को सख्त चेतावनी दी है।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## निर्वाचन आयोग में नियुक्तियां

निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त एवं संवैधानिक संस्था है, जो चुनावी प्रक्रिया का संचालन करने के लिए उत्तरदायी है। यही वह संस्था है, जो लोकतंत्र के मूल तत्त्व को जिंदा बनाए रख सकती है। मगर पिछले कुछ वर्षों से निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर जिस तरह से सवाल उठ रहे हैं, उससे उसकी विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है। दरअसल, कोई भी प्राधिकरण तभी स्वायत्त और निष्पक्ष हो सकता है, जब उस पर कोई बाहरी दबाव न हो और उसके पदाधिकारियों का चयन भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष तरीके से किया जाए। निर्वाचन आयोग में नियुक्तियों को लेकर कई स्तर पर आरोप लगते रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को इस मामले में कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा हैं और यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब निर्वाचन आयोग स्वतंत्र हो और इसके कार्यों में स्वायत्तता प्रतीत भी हो।गौरतलब है कि वर्ष 2024 में लागू किया गया मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 में यह प्रावधान है कि निर्वाचन आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियां राष्ट्रपति द्वारा चयन समिति की सिफारिश के आधार पर की जाएंगी। इस समिति में पहले प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल थे, मगर नए कानून में प्रधान न्यायाधीश की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत में इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है।सवाल है कि तीन सदस्यीय चयन समिति में सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल होने से क्या नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है? स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा को प्रतिबिंबित करता है, ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग की संरचना पर ही सवाल उठते रहे, तो जनता के भरोसे का क्या होगा।इसी पहलू पर गौर करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि विश्वास का स्तर इतना होना चाहिए कि ऐसा प्रतीत हो कि चयन समिति में कोई तीसरा निष्पक्ष व्यक्ति भी शामिल है। शीर्ष अदालत की इस टिप्पणी से निर्वाचन आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया को संतुलित किए जाने की उम्मीद जगी है।

## नागरिकों से स्ट्रीट लाइटों का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा

भीमताल (उद संवाददाता)।शहरी विकाश मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा नगर निकायों की आर्थिक स्थिति सुधारने और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की जा रही है लेकिन नागरिकों के ऊपर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पचायतो में निवासरत उपभोक्ता से बिजली बिल के माध्यम से शहरो में सड़को पर लगी स्ट्रीट लाइटो का अतिरिक्त शुल्क लिए जाने की बात सामने आई थी। लेकिन किसी भी नागरिक से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा। नागरिको के ऊपर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जायेगा।

# 35 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर/सितारगंज (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और सितारगंज पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 119 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। नशे के खिलाफ इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेंद्र चौधरी और पुलिस अधीक्षक (रुद्रपुर) उत्तम सिंह नेगी के निर्देशानुसार, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण में रणनीति तैयार की गई। एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी और सितारगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान अमरिया चौराहे से 100 मीटर आगे रुद्रपुर-सितारगंज हाईवे के पास संदिग्ध



वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोककर जब उसकी जामा तलाशी ली गई, तो उसके पास से 119 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान शादाब हुसैन पुत्र साबिर हुसैन, निवासी बाईपास कॉलोनी, वार्ड नंबर 11, कोतवाली सितारगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली सितारगंज में मुकदमा अपराध संख्या 233/26, धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त शादाब ने बताया कि वह यह स्मैक अपने दोस्त नदीम, निवासी बहेड़ी (बरेली) से लेकर आ रहा था। पुलिस अब नदीम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी जुटा रही है ताकि मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त शादाब एक शातिर किस्म का नशा तस्कर है, जो पूर्व में भी कोतवाली सितारगंज और थाना अमरिया (पीलीभीत) से एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, सितारगंज कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा, शक्तिफार्म चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी, सिडकुल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगत सिंह शाही, एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल भुवन चंद्र पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री और सितारगंज कोतवाली के कांस्टेबल भूपाल सिंह शामिल रहे।

## स्मैक के साथ वारंटी गिरफ्तार

नानकमत्ता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर में अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी खटीमा में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में कोतवाली नानकमत्ता पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक वारंटी



अभियुक्त को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 15 मई को पुलिस टीम ने कृपाल सिंह उर्फ गुच्ची पुत्र बलवंत सिंह निवासी बिडौरी, थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार कर 04.70 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद हुई, जिसमें शुद्ध वजन 04.10 ग्राम पाया गया। अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम में उप निरीक्षक राजेन्द्र पंत, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र कोहली, कांस्टेबल, दीपक कुमार,कांस्टेबल श्याम सिंह थापा उपस्थित थे।

## मीना शर्मा ने बांटे डस्टबिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेत्री श्रीमती मीना शर्मा ने शहर के सभी लोगों से अपील की है कि वह शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम के प्रयासों का साथ दें। श्रीमती शर्मा सिविल लाइन और डॉक्टर कॉलोनी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए आयोजित डस्टबिन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर क्षेत्र के दर्जनों घरों में



स्वच्छता की दृष्टि से डस्टबिन वितरित किए। डस्टबिन वितरण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से संवाद किया और अपील की कि वे कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में ही डालें तथा इधर-उधर कूड़ा फेंककर गंदगी न फैलाएं। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और रोगमुक्त बनाने के लिए हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है। इस दौरान नगर निगम के कई अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ फूंका सरकार का पुतला

हल्द्वानी/काशीपुर (उद संवाददाता)। पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के विरोध में आज महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बुद्ध पार्क में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया।कांग्रेसजनों ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि का सीधा असर आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। परिवहन, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने एक स्वर में केंद्र सरकार से पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल और डीजल के दाम





बढ़ाकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि उसे आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। सरकार कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी तथा जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस दौरान मलय बिष्ट, राजू सुयाल, सुमित कुमार, हेमन्त साहू, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, डॉ. मयंक भट्ट, मुकुल बलुटिया, विनोद कुमार, निर्मला जोशी, विमला सांगूड़ी, राधा आर्य, जूही चुफाल, रेनू तोमर, हेमा देवी, स्वाति जोशी, पुष्पा देवी, गोविंद बगड़वाल, नवीन सांगूड़ी, गिरीश पांडे, संजू उप्रेती, सूरज प्रकाश, दिवेश तिवारी, बबलू बिष्ट, त्रिलोक बनोली, लाल सिंह पवार, कुंदन बिष्ट, कानू बिष्ट, हिमांशु जोशी, भानु कबड़वाल, गिरीश तिवारी, भुवन तिवारी, ठाकुर चंद्र मोहन सिंह,राजा रवि पांडे, मनोज टम्टा, उदित करायत, कैलाश साह, साद अली, अमित रावत, नितिन भट्ट, ज्ञान सिंह थापा, गोविंद बिष्ट, राज कुमार, हेमन्त पंत, राजू बिष्ट सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। **काशीपुर।** पेट्रोल डीजल व सीएनजी गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भाजपा सरकार का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। अपराह्न 12:00 बजे दर्जनों की तादात में कांग्रेस कार्यकर्ता महाराणा प्रताप चौक पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने देश की जनता को विकास के नाम पर विनाश के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। घरेलू सामानों के अलावा दलहन डीजल पेट्रोल व सीएनजी गैस समेत सिलेंडरों की किल्लत ने मध्यम व निर्धन परिवारों को भुखमरी के कगार पर ला दिया। पहाड़ों से पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है तो दूसरी ओर कल कारखाने बंदी के कगार पर है। भाजपा सरकार में रोजगार और नौकरियां लगभग शून्य होती जा रही है। प्रशासनिक तंत्र गुंडागर्दी पर उतारू है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व की भांति देश की व्यवस्था को कांग्रेस ही पटरी पर ला सकती है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए पुतला दहन कर महंगाई का विरोध जताया। कहा की सरकार यदि अपने नीतियों में सुधार नहीं लाती तो कांग्रेस आगे विरोध प्रदर्शन को और उग्र करेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल के अलावा पीसीसी सदस्य अरुण चौहान, जितेंद्र सरस्वती, अलका पाल, महेंद्र बेदी, आदि दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। **भीड़ से आज भी कई चेहरे रहे नदारद :** काशीपुर कांग्रेस में महत्वपूर्ण पदों पर दो-दो महिलाओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। पूजा सिंह महिला कांग्रेस के अध्यक्ष है तो पिछले दिनों अलका पाल को महानगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बना दिया गया। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व के फैसले से कुछ पुराने कांग्रेसी खफा हैं। अलका पाल के महानगर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से अब तक महिला कांग्रेस की कोई भी कार्यकत्री ने महानगर कांग्रेस के कार्यक्रम में प्रतिभाग नहीं किया। आज एक बार फिर से कांग्रेस के पुतला दहन कार्यक्रम में महिला कांग्रेस से जुड़े चेहरे भीड़ से नदारद थे। हालात ऐसे ही रहे तो 2027 के चुनावों पर इसका सीधा असर देखा जा सकेगा।

# गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज में सजा दीवान

गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में अमावस पर भारी दीवान सजाए गए, जिसमें वक्ताओं द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं ऐतिहासिक पक्ष को रखा गया। भाई जसवीर सिंह द्वारा अखंड पाठ के भोग के उपरांत सर्वत्र सुख शांति की अरदास तथा रागी भाई हरजीत सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन की सेवा की गई। कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौकी ने जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले गुरु अर्जन देव की शहीदी पर प्रकाश डाला। पंजाब के मोगा से आए ढाढी भाई गुरभेज सिंह द्वारा मुगलों के अत्याचारों का बदला लेने हेतु सरहंद को फतह करने वाले तथा जालिमों



का नाश करने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्मदिन की गाथा को संगत से साझा किया गया। भाई दविंदर सिंह ताज के कविश्री जत्थे द्वारा सरहिंद फतेह दिवस और गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर विचार रखे गए। वहीं भाई हरविंदर सिंह द्वारा कथा एवं मीरी पीरी खालसा अकैडमी अफजलगढ़ के बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कर्मजीत सिंह द्वारा कहा गया कि 14 मई से 30 मई तक मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में समर कैंप का आयोजन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने इच्छुक बच्चों को फॉर्म भरकर प्रवेश करने हेतु प्रेरित किया। वहीं गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह द्वारा संगत को जानकारी दी गई कि समर कैंप में गुरुमुखी अक्षर ज्ञान, गुरबाणी, कथा, कीर्तन, गतका, सिक्ख सभ्याचार और कवि श्री सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

## धूम मचा देगी पंजाबी फिल्म दमा दम मस्त कलंदर: कंबोज

गदरपुर। स्थानीय गदरपुर निवासी विकास कंबोज की पंजाबी में बनी फिल्म 22 मई को रिलीज होने जा रही है यह फिल्म चकोरा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई गई है जो कि कई देशों में फिल्माई गई है,जिसका काफी हिस्सा पंजाब में भी बनाया गया है । यह जानकारी देते हुए कंबोज सभा के जिलाध्यक्ष ग्राम झुन्नी माजरा,सकैनिया,तहसील गदरपुर,उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के डॉक्टर देसराज कंबोज ने बताया, इस फिल्म दमा दम मस्त कलंदर, को देखने के लिए पंजाबी समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोग भी लालायित हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म रिलीज होते ही धूम मचा देगी यह हमारे लिए गर्व का दिन होगा 22 मई को फिल्म अवश्य देखने जाएं और विकास कम्बोज सहित अन्य कलाकारों का उत्साह वर्धन करें।



# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठन और विचारधारा पर मंथन





रूद्रपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग काशीपुर रोड स्थित एंबिएंस बैंक्वेट हॉल में शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, सह प्रभारी साकेत अग्रवाल,जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा,पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा,पूर्व विधायक राजेश शुल्का,सर्व व्यवस्था प्रमुख राकेश सिंह, वर्ग पालक धीरेन्द्र मिश्रा , ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया और प्रशिक्षण सत्रों का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र "हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान" में वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय एवं संगठनात्मक मूल्यों पर विस्तार से अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित है। इसके पश्चात आयोजित द्वितीय सत्र "भाजपा का इतिहास एवं विकास" में पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, संगठन विस्तार एवं विभिन्न जनआंदोलनों में भाजपा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति नीति और विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्यप्रणाली, विचारधारा एवं जनसंपर्क के विषय में व्यापक जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को पहुंचाना चाहिए। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ लेने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर कार्यकर्ता आधारित संगठन के रूप में आगे बढ़ रही है और प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने के साथ साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी कार्य करता है। दो दिवसीय इस आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक विषयों, वैचारिक अधिष्ठान, सोशल मीडिया, जनसंपर्क, कार्यकर्ता विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अलग अलग सत्र आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, महामंत्री अजय जोशी, प्रदेश पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी गढ़ सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसानों को खाद लिमिट से हो रही परेशानी, सीएम को सौंपा ज्ञापन



नानकमत्ता। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) उत्तराखंड के प्रदेश सचिव मलूक सिंह खिंडा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर यूरिया, डीएपी एवं सुपर खाद पर लगाई गई लिमिट को हटाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में खेती का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके चलते किसानों को खाद की अधिक आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन शासन द्वारा खाद वितरण पर लिमिट तय कर दी गई है। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों को केवल पांच कट्टे यूरिया दिए जा रहे हैं, जबकि किसानों की जरूरत इससे अधिक है। किसान यूनियन ने मांग की कि किसानों की खतौनी में दर्ज रकबे के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाए ताकि उन्हें खेती में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा संगठन ने यह भी मांग उठाई कि ऊधम सिंह नगर में कई किसानों ने थारू जनजाति के लोगों से स्टांप पर जमीन खरीदी हुई है, लेकिन जमीन अभी खतौनी में दर्ज नहीं हो सकी है। ऐसे किसानों को भी स्टांप के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि खाद की कमी के कारण गन्ना, मक्का और धान की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। साथ ही वर्ग 4 की जमीनों पर 40-50 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे लोगों को भूमिधरी अधिकार देने की मांग भी की गई।

## इण्डस टावर से केबल व अन्य कीमती उपकरण चोरी

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम कुरैय्या स्थित इण्डस टावर से केबल और अन्य कीमती उपकरण चोरी करने का मामला सामने आया है। आरसीपीजी सुपरवाइजर शिवलाल पुत्र दुर्जन लाल निवासी जवाहर नगर पंतनगर ने इस संबंध में कोतवाली किच्छा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, बीती 5 और 6 मई की रात करीब 12 बजे टावर साइट डाउन होने का अलार्म मिलने पर सुपरवाइजर शिवलाल और तकनीशियन सत्येंद्र तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक युवक टावर के अंदर घुसकर 3टप पावर केबल, फाइबर केबल, आर्मर्ड केबल और पावर मॉड्यूल समेत अन्य सामान चोरी कर एक कट्टे में भर रहा था। दोनों को अपनी ओर आता देख आरोपी घबरा गया और चोरी का सामान लेकर मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पूछताछ और पहचान करने पर आरोपी की शिनाख्त जाहिद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी कुरैय्या के रूप में हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस टावर साइट पर पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे काफी नुकसान हो चुका है।

## पेज एक का शेष...

**जनता से किया गया हर वायदा....** होगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम तेज गति से चल रहा है। चाहे टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन हो या मानसखंड मंदिर माला मिशन, चम्पावत और उधमसिंह नगर के हर कोने को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सितारगंज के विकास के लिए वे लगातार समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट तौर पर मौजूद कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने संबोधन में इसे सितारगंज विधानसभा के इतिहास का एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म और सिडकुल के बीच इस संपर्क मार्ग और पुल की मांग पिछले कई दशकों से की जा रही थी, जिसे आज अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म की देवतुल्य जनता से चुनाव के दौरान उन्होंने जो वादा किया था, आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से वह पूरा होने जा रहा है। इस पुल के बनने से शक्तिफार्म की माताओं-बहनों, किसानों और सिडकुल में काम करने वाले श्रमिक भाई-बहनों को अब कई किलोमीटर का लंबा चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। यह पुल क्षेत्र की आर्थिकी को पूरी तरह से बदलने का काम करेगा। कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि जनता को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चल रही अन्य विकास योजनाओं जैसे सड़कों का चौड़ीकरण, पेयजल योजनाएं और शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों का भी ब्योरा साझा किया। इस भव्य शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सांस्कृतिक दलों द्वारा कुमाऊंनी और पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा माहौल उत्सव में बदल गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नामधारी, अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती फरजाना बेगम, ब्लाक प्रमुख उपकार सिंह, इकबाल सिंह लाडी, खतीब अहमद,सुखदेव सिंह, कार्तिक राय, विधान सरकार, राकेश त्यागी, उदय राणा, देवु मण्डल, केपी मण्डल, रविन्द्र सिंह, प्रभा रावत, मीनाक्षी विश्वास, नमिता मण्डल, शिवानी मण्डल, संगीता, दीपिका मालांकर, विनीता विश्वास, पंकज बसु, अशोक माली, कृष्ण पद मण्डल, शंकर गोलदार, विष्णुपद, रविन्द्र विश्वास, गोपाल सरकार, महेन्द्र सिंह, भजन सिंह, जगदीश डालमिया, तारक मण्डल, सुनील विश्वास, देवेन्द्र, किशोर राय, राम चन्द्र आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**बढ़ती महंगाई को लेकर....** मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। पेट्रोल- डीजल के दाम बढ़ने से हर वस्तु महंगी हो रही है, जिसका सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर पड़ रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि केंद्र सरकार देश में महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि आज घरेलू गैस सिलेंडर से लेकर खाद्य तेल, दालें और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। सरकार कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए नीतियां बना रही है, जबकि देश का अन्नदाता और आम नागरिक दाने-दाने को मोहताज हो रहा है। कांग्रेस इस जनविरोधी शासन के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दामों में की जा रही बेतहाशा वृद्धि ने मालभाड़ा बढ़ा दिया है, जिससे बाजार में हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। बेरोजगारी और आर्थिक मंदी के दौर में जनता को राहत देने के बजाय सरकार टैक्स वसूलने में व्यस्त है। यदि तुरंत बढ़ती कीमतों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक के लिए आंदोलन को और उग्र करेगी। महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा प्रताड़ित गृहणियां हो रही हैं, जिनका घर चलाना अब मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और गरीबों के चूल्हे बुझने की कगार पर हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोग संवेदनहीन बने हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक जनता को इस त्राहि-त्राहि से मुक्ति नहीं मिलती, उनका संघर्ष सड़क से संसद तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी, योगेश चौहान, संदीप चीमा, गोपाल भसीन, ब्लॉक अध्यक्ष पवन बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, संजय ठुकराल, राजवीर सिंह विर्क, सुखवंत सिंह विर्क, खेम सिंह कोटिया, ललित बिष्ट, पूर्व पार्षद बबलू सागर, नवीन खेतवाल, इंद्र रौतेला, आनंद शर्मा, सतनाम सिंह मक्कड़, शिवकुमार, मानस बैरागी, गोपेश तिवारी, दिनेश कोली, रामसेवक कोली, आशीष श्रीवास्तव, हरभजन सिंह भट्टी, गब्बर कोली, दानवीर कोली, जमुना प्रसाद, अयान खान, आजम खान, पूर्व पार्षद अबरार, अमित हालदार, सुनील चुग, केरू मंडल, राजू गुप्ता, राजकुमार भुसरी, उमा सरकार, पार्षद इंद्रजीत सिंह, नरेश सागर, पूर्व पार्षद मोहन कुमार, जयदेव मिस्त्री, गौरव गिरी पार्षद, शुभम दास पार्षद, सोहेल खान, रिजवान लाल पार्षद, नरेश राय, आबिद हुसैन, प्रकाश राम आर्य, हनी ग्रोवर, कमल चुग, रिक्की गुप्ता, इरशाद अहमद पार्षद, खेमानंद रस्तोगी, सूरजपाल, बबलू रस्तोगी, छोटेलाल रस्तोगी, अशोक रस्तोगी, सुरेश रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, छत्रपाल, उमेश रस्तोगी, सतीश कुमार, जोमी चंदा, आकाश भुसरी, संजीव राठौड़, नंदकिशोर, राजू साईं, आकाश बाटला, चंद्र चुग, अशोक यादव, रमन विश्वास, रामलाल साहू, नंदलाल, आसित वाला, मनोज गंगवार, कीरत सिंह, विकास मलिक, गौरव दीक्षित, सुरेश यादव, राजेश सिंह पूर्व पार्षद, मनीष गंगवार, विशाल वर्मा, आकाश गंगवार, वीरेंद्र कुमार, शिवम गंगवार, कर्मवीर सिंह, सचिन वर्मा, बॉबी यादव, मंटू वाधवा, ज्योति टम्टा, कुंदन टम्टा, राजेश कुमार पूर्व पार्षद, आशीष सरकार, सूरज मिस्त्री, प्रकाश शर्मा पूर्व पार्षद, रामकुमार गुप्ता, बाबू विश्वास, बाबू विश्वकर्मा, सतीश कोली, अमित कोली, विकास मल्लिक पूर्व पार्षद, सतनाम सिंह, राजन गुप्ता, कमल सैनी, केशव कोली, ललित सक्सेना, राजेश सक्सेना, आदेश गंगवार, नेतराम दिवाकर, प्रेम मौर्य, रणजीत तिवारी, महेश कोली, प्रकाश, सूरज ग्रोवर, राधेश्याम बंसल, सुखदेव सिंह, तारा सिंह, फरीद खान, अयान रजा, जाकिर रजा, संजय प्रताप, अवध कुमार, एस. एन. वर्मा, सुरेंद्र देवड़ा, विजय शर्मा, संजीत राणा, विनोद जायसवाल, अजीत जायसवाल, सुशील मंडल पार्षद, आदेश गंगवार, राजेश सक्सेना, राम भरोसे सैनी, अशोक रस्तोगी, रजत शर्मा, मनीष ठुकराल, अनिकेत तनेजा, पाला सिंह, रोहित चौहान, अशोक राय ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण, जीत सिंह चाचू, इंद्रजीत सिंह, दिल रंजन, नंदकिशोर पांडे, शत्रुघ्न और नरेंद्र आदि सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **किच्छा-** केंद्र सरकार की नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की शुरुआत किच्छा स्थित कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके बाद कार्यकर्ता केंद्र सरकार का पुतला लेकर जुलूस की शक्ल में डी.डी. चौक पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, संजीव चौधरी, सुनील कुमार सिंह, अफजाल, विनोद दुआ, फरियाद शाह, तृप्त सिंह गंभीर, सुनीता कश्यप, पूर्व सभासद कलावती, मीना सिंह, शीला कश्यप, प्रेमवती, अंसारी, चंदा, एन.यू. खान, नासिर खान, जगरूप सिंह गोल्डी, अफसर कुरैशी, अशोक मित्रा, रिजवान अंसारी, जीवन जोशी, छोटू कोली, दलीप सिंह बिष्ट, हरविंदर सिंह पप्पी, संदीप चुग, जुनेव और आरिफ कुरैशी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बढ़ती चोरी के खिलाफ...** तक चोरी का खुलासा नहीं कर पाया है, जिससे व्यापारियों में भारी असंतोष बना हुआ है।व्यापार मंडल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले तीन दिनों के भीतर घटना का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापारियों को पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार चौकी क्षेत्र एवं आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस बल की संख्या बेहद कम है, जिसके कारण क्षेत्र में नियमित गश्त नहीं हो पा रही है। रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं और व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान व्यापारियों ने अग्रसेन चौक स्थित मोबाइल मंत्रा शोरूम में हुई लगातार दो चोरी की घटनाओं का भी मुद्दा उठाया। व्यापारियों ने बताया कि उक्त घटनाओं में लगभग 20 लाख रुपये का माल चोरी हुआ था, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। इसके अलावा सब्जी मंडी एवं काशीपुर फ्लाईओवर के नीचे दुकानों में हुई चोरियों का भी अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे व्यापारियों में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर गहरी नाराजगी है। व्यापारियों ने मांग की कि बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। कोतवाल का घेराव करने वालों में अंकित नरूला, पवन गाबा, मनोज छाबड़ा, संदीप,पवन जिंदल, आशीष चन्दना, सुनील झाम, आदित्य भनोट, नीतीश धीर, आशु मिगलानी, ऋषभ अरोरा, मधुर कुमार, उज्जवल कुमार, जतिन भसीन, ललित गोयल, राजेश कामरा, अनिल कुमार, अंशुल ठुकराल, अमित अरोरा, अजय चड्ढा, गौरव जुयाल, पुलकित कुमार, जिमी ठुकराल, शिवम चौहान सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

**बारह दस्तावेज....** आएगा। इस पर मतदाता का वर्तमान मतदाता सूची से संबंधित समस्त विवरण दर्ज रहेगा। के मतदाताओंकोइसी गणना प्रपत्र पर वर्ष2003 की जानकारी भरनी होगी, साथ ही एक नया फोटो भी चिपकाना होगा। गणना प्रपत्र भरने के बाद वापस बीएलओ के पास जमा करने होंगे। अगर मतदाता के पास 2003 का डाटा नहीं है ,तो उस पर यही बात लिखकर प्रपत्र बीएलओ को वापस कर देना है। उसके बाद मतदाता के पास निर्वाचन आयोग की ओर से एक नोटिस आएगा। इसी नोटिस के आधार पर ईआरओ कार्यालय में सभी मतदाता अपने-अपने दस्तावेज जमा करा सकेंगे।

**संदिग्ध हालातों में ...** यह भी पता चला है कि मृतक का अक्षा नामक लड़की से इधर कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर वह अक्सर परेशान रहा करता था। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद घटना के असल कारणों की जांच शुरू कर दी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


बराखेड़ा क्षेत्र से
सहकारी क्रय विक्रय समिति की
रजनी बजाज
के (पत्नी धर्मपाल बजाज)
निर्विरोध
डायरेक्टर चुने जाने पर
हार्दिक बधाई एवं सभी
सदस्यों,सहयोगियों व
शुभचिंतकों का हार्दिक
आभार व धन्यवाद
पृथ्वी बजाज
महामंत्री
व्यापार मंडल सकैनिया,गदरपुर